भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 5202

उत्तर देने की तारीख : 4 अप्रैल, 2022

आजादी का अमृत महोत्सव

5202. श्री मितेष पटेल (बकाभाई) :
श्रीमती शारदा अनिल पटेल :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्रालय और उससे संबद्ध संगठनों द्वारा 28 फरवरी 2022 तक 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए की गई विभिन्न पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त मंत्रालय और इससे संबद्ध संगठनों ने गुजरात में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मनाने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) मंत्रालय द्वारा ''आजादी का अमृत महोत्सव'' कार्यक्रम की शेष अवधि के लिए भविष्य में क्या पहल करने की योजना बनाई गई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

(जी. किशन रेड्डी)

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

लोक सभा

प्रश्न सं. 5202

(क) : मंत्रालय और इसके संबद्ध संगठनों द्वारा उच्च जन भागीदारी के साथ ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यकलापों का आयोजन किया गया है। आजादी का अमृत महोत्सव के पांच विषय हैं जो आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में योजनाबद्ध कार्यक्रमों और कार्यकलापों का मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। ये हैं 1) स्वतंत्रता संग्राम : ऐतिहासिक उपलब्धियों, विस्मृत वीरों आदि पर ध्यान केन्द्रित करना 2) विचार@75 : विचारों और भारत को नये आकार देने वाले विचारों का समारोह 3) उपलब्धियां@75 : विभिन्न क्षेत्रों में विकास और प्रगति का प्रदर्शन 4) संकल्प@75 : विशिष्ट उद्देश्यों और लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्धताओं को पुन: प्रबलित करना 5) कार्य@75 : नीतियों को कार्यान्वित करने और प्रतिबद्धताओं को साकार करने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालना।

समारोह के दौरान स्वतंत्रता संग्राम के विस्मृत वीरों का स्मरणोत्सव, 'मेरा गांव मेरी धरोहर' 'हर घर झंडा', 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस', 'डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रिपोजिटॉरी', 'स्वतंत्रत स्वर' आदि से संबंधित परियोजनाओं/कार्यक्रमों के समन्वायोजन पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है।

(ख) : जी, हां। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 12 मार्च, 2021 को साबरमती आश्रम से दांडी तक स्वतंत्रता मार्च का आरंभ करते हुए किया गया। 'उड़ान'-पतंग महोत्सव और 'उमंग'-मकर संक्रांति पर रंगोली बनाने की प्रतियोगिता, आत्मनिर्भर ग्राम यात्रा, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी स्मृति समारोह, अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह, मातृभाषा दिवस आदि मंत्रालय/अन्य संगठनों द्वारा उच्च जन भागीदारी के साथ गुजरात में आयोजित किए गए अनेक कार्यक्रमों में से कुछ कार्यक्रम हैं।

(ग) : नोडल मंत्रालय अर्थात् संस्कृति मंत्रालय, अन्य मंत्रालयों, राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तहत मासिक/द्विमासिक अवधि के लिए अनेक कार्यक्रम तैयार करता है और माननीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करता है। एनआईसी से अनुमोदन के पश्चात्, कार्यक्रमों को संबंधित मंत्रालयों, राज्यों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों और अन्य संगठनों के सहयोग से पूरे उत्साह और अधिकतम सार्वजनिक पहुंच के साथ क्यूरेट किया जाता है।